# Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# आम जनता तक पहुंचाया जाए कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

**निर्देश**

## यशपाल आर्य ने समाज कल्याण विभाग के सम्बन्ध में बैठक की

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश के परिवहन, समाज कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, छात्र कल्याण, ग्रामीण तालाब विकास, सीमान्त क्षेत्र विकास, परिक्षेत्र विकास एवं प्रबन्धन, पिछड़ा क्षेत्र विकास मंत्री यशपाल आर्य ने विधान सभा में समाज कल्याण विभाग के सम्बन्ध में बैठक की। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाया जाय, विभिन्न वर्गों को दिये जाने वाले पेंशन योजना, पेंशन धारकों के पात्र व्यक्तियों का चयन पारदर्शीपूर्वक करके लाभ दिया जाए। इसके लिए योजना को धरातल पर लाय जाए एवं अभियान चलाकर लाभार्थियों की संख्या में वृद्धि किया जाये।

बैठक में निर्देश दिया गया कि परित्यक्ता महिला पेंशन की वार्षिक आय 15000 रु0 से बढ़ाकर 48000 रु0 करने के प्रस्ताव को कैबिनेट में लाया जाये, ताकि लाभार्थियों की



संख्या में वृद्धि की जा सके। भारत सरकार में भेजे जाने वाले विभिन्न योजनाओं के प्रस्ताव की मॉनिटरिंग की जाए एवं प्रस्ताव भेजने के बाद इसका फालोअप भी किया जाय। बाबू जगजीवन राम छात्रावास के प्रस्ताव पर विशेष बल देते हुए कहा कि अभी तक इसकी पैरवी ठीक ढंग से नहीं हुई है, अतः इस विषय पर विशेष ध्यान दिया जाए।

उन्होंने कहा कि लाभार्थियों तक योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुचाने के लिए व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाय। बी.डी. सी. बैठक और जिला पंचायत बैठक में योजनाओं की जानकारी दी जाय। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि इसकी योजनाऐं केवल मुस्लिम वर्ग तक ही सीमित नहीं हैं। अतः इस योजना के प्रति व्यापक दृष्टिकोण अपनाया जाय। छात्रवृत्ति अनुदान, कोचिंग एवं प्रशिक्षण का व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार किया जाय।

एमएसडीपी योजना के अन्तर्गत वित्त वर्ष 2019–20 में केन्द्र सरकार से 23.80 करोड़ रु0 परिव्यय स्वीकृत किया गया था, परन्तु अच्छी पैरवी के बाद तीन गुना से अधिक धन 73.10 करोड़, 23 कार्यों के लिए स्वीकृत किया गया। इसके लिए विशेष प्रशंसा की गयी है।

वृद्धावस्था, विधवा एवं परित्यक्ता पेंशन योजना में पेंशन की धनराशि 1000 प्रतिमाह से 200 रु0 बढ़ाकर प्रतिमाह 1200 रु0 का भुगतान किया जा रहा है। वित्त वर्ष 2020–21 में कुल 726060 लाभार्थियों की संख्या को प्रथम तिमाही में 28872 रु0 का पेंशन मद में भुगतान किया गया है। बैठक में निर्देश दिया गया कि वक्फ बोर्ड की सम्पत्ति का संरक्षण किया जाय। रिकार्ड में हुए परिवर्तन को ठीक करने के लिए डिजिटाइजेशन का कार्य किया जाय। ई–आफिस की स्थापना की जाय एवं जी.आई. एस. मैपिंग की जाय।

## न्यूज डायरी

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म, कब्र से शव निकाल कराया जाएगा पोस्टमार्टम

**संवाददाता** बागेश्वर। बागेश्वर जिले में एक दुखद और सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक नाबालिग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई । आनन–फानन में परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार भी कर दिया। नाबालिग के साथ दुष्कर्म भी हुआ था। पुलिस ने मृतका की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उसके दफन शव को निकालकर पोस्टमार्टम करने की तैयारी की जा रही है। क्षेत्र में बीते बुधवार को नाबालिग संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाई गई। जिसके बाद परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। गुरुवार को पुलिस को जब सूचना मिली तो उसने पूरे मामले का स्वतः संज्ञान लिया। वह मौके पर पहुंच गई और पूछताछ में जुट गई। पता चला की मृतका का घर वालों ने अंतिम संस्कार कर दिया है। तब पुलिस को पूरा मामला संदिग्ध लगा। जिस अस्पताल में वह दिखाने गए वहां भी उसका गलत नाम दर्ज किया गया था।

### लोजमो गठित करेगा महिला समेत अन्य मोर्चे

**संवाददाता** रुड़की। लोकतांत्रिक जन मोर्चा की कार्यकारिणी की एक बैठक सिविल लाइंस में आयोजित की गई। बैठक में तय किया गया कि युवा मोर्चा की तरह लोजमो महिला प्रकोष्ठ समेत अन्य प्रकोष्ठों का भी गठन करेगा। साथ ही जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करेगा। गुरुवार को आयोजित बैठक में मोर्चा के संयोजक सुभाष सैनी ने कहा कि मोर्चा जनहित के मुद्दों पर लगातार संघर्ष कर रहा है। कोरोना संकटकाल के दौरान भी मोर्चा के पदाधिकारी लगातार काम करते रहे। उन्होंने कहा कि जल्द ही मोर्चा की ओर से कोरोना योद्धाओं को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में तय किया गया कि निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में युवा मोर्चा के वार्ड अध्यक्षों का मनोनयन और अधिवक्ता विग भी गठित की जाएगी। रुड़की को जिला बनाने की जो मुहिम पिछले 12 सालों से चल रही है, उसे गति प्रदान की जाएगी।

### करंट से युवक की मौत, सड़क पर हंगामा

**संवाददाता** हरिद्वार। सिडकुल थानाक्षेत्र की सिद्धी विनायक कॉलोनी में बुधवार रात विद्युत लाइन की मरम्मत करने के दौरान करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। इसके बाद युवक के स्वजनों और ग्रामीणों ने बिजली घर के बाहर सड़क पर शव रखकर जमकर हंगामा किया। उन्होंने युवक को संविदाकर्मी बताते हुए ऊर्जा निगम पर लापरवाही का आरोप लगाया। वहीं ऊर्जा निगम ने इससे इनकार करते हुए पूरे मामले से पल्ला झाड़ लिया। पुलिस ने बमुश्किल समझाबुझाकर शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस के मुताबिक सिडकुल की सिद्धी विनायक कॉलोनी में बुधवार देर शाम लाइट गुल हो गई। लाइन में फाल्ट आने की शिकायत कॉलोनिवासियों ने ऊर्जा निगम से की।

## जिला कांग्रेस कमेटी ने किया सड़कों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन

**संवाददाता** विकासनगर। जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश में पेट्रोल डीजल के दामों में की गई वृद्धि पर कड़ा एतराज जताया है। वही जिला कांग्रेस कमेटी पछवादून जिला अध्यक्ष संजय किशोर ने कहा कोरोना संक्रमण काल में युवा बेरोजगार हो गए हैं। हजारों युवा बेरोजगार होकर अपने घरों की ओर लौट रहे हैं ऐसे में सरकार जनता को राहत देने के बजाय उसकी दुश्वारियां बढ़ा रही है, उन्होंने कहा कि कच्चे पेट्रोल पदार्थो के दाम इन दिनों विश्व में सबसे निम्न स्तर पर है बावजूद इसके सरकार ने दाम बढ़ाकर परेशानी के दौर में महंगाई को आमंत्रण दिया है। लॉकडाउन के कारण पहले ही आम आदमी की करा सकती कम हो गई है। वहीं महंगाई बढ़ने से गरीब के सामने दो वक्त की रोटी की समस्या पैदा हो गई। दूसरी तरफ सरकार ने जनता के बिजली बिलों को माफ करने के बजाय 64 2 गुना बढ़ा दिया है जिसका असर आम जनता पर पड़ता हुआ दिख रहा है, उन्होंने कहा केंद्र और प्रदेश सरकार से पेट्रोल डीजल के दामों की की गई वृद्धि वापस लेने की मांग भी की। रैली में ब्रिज राज, पितांबर ,अर्जुन थापा ,सुनील,अजय, अजीत, कुसू थापा ,रवि,अंकुश धमियन आदि उपस्थित रहे।



# चार आशाओं की मौत पर खामोश सरकार, संवेदना तक नहींः मर्तोलिया

**संवाददाता**

पिथौरागढ़। प्रदेश में कोरोना डियूटी के दौरान हुई चार आशाओ की मौत पर सरकार ने मात्र संवेदना तक व्यक्त नहीं किया. इस बेरुखी पर आज सरकार को घेरते हुए पंचायत प्रतिनिधियों ने सरकार के खिलाफ एकल मौर्चा खोल दिया है। बृहस्पतिवार को जिप सदस्य जगत मर्तोलिया ने घर पर दो घंटे धरना प्रदर्शन किया। सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कहा कि आशाओ की सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा की गारंटी की जाय अन्यथा आंदोलन को उग्र रूप दिया जायेगा।

कोरोना की डियूटी के दौरान




टिहरी गढ़वाल में दो तथा उधमसिंहनगर में दो आशाओ की मौत हो गई थी। इनकी मौत पर सरकार ने एक शब्द संवेदना के व्यक्त नहीं किए। इस बात से नाराज उत्तराखंड त्रिस्तरीय पंचायत संगठन के बैनर तले आज जिप सदस्य जगत मर्तोलिया ने हाथ में स्लोगन बैनर लेकर दो घंटे धरना दिया। मर्तोलिया ने कहा कि आज इस धरने के माध्यम से तीन सूत्रीय मांगों को उठा रहे है।

उन्होंने कहा कि पहले सरकार कैबिनेट की ओर से संवेदना व्यक्त करे। आज तक संवेदना के लिए एक शब्द भी नहीं बोला गया है इसकी हम निंदा करते है। मर्तोलिया ने कहा कि मृत आशाओ के परिजनो को दस लाख मुआवजा तथा एक परिजन को सरकारी नौकरी देने की मांग की। सरकार को आशाओ के योगदान को स्वीकार करते हुए तत्काल इन मांगो पर विचार करना चाहिए। जून माह में भी पंचायत प्रतिनिधियो ने धरना प्रदर्शन किया था।

## ऑनलाइन प्रवेश फार्म खोलने को एनएसयूआई ने प्राचार्य को दिया ज्ञापन

**संवाददाता** डोईवाला। शहीद दुर्गा मल्ल महाविद्यालय डोईवाला में एनएसयूआई इकाई द्वारा इस साल के प्रवेश फॉर्म ऑनलाइन खोलने की मांग को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर छात्र नेता अर्चित गौतम ने बताया कि महाविद्यालय में प्रवेश फार्म ऑफलाइन होते है जो कि छात्र छात्राएं महाविद्यालय में आकर फॉर्म भरते है ओर जमा करते है हमारे महाविद्यालय में भारी संख्या में छात्र छात्राएं प्रवेश फार्म भरने ऋषिकेश, दून ओर अन्य पहाड़ी इलाकों से भी आते है ओर सभी विद्यालयों के छात्र छात्राओं की परीक्षा हो गई है जल्द ही उनका रिजल्ट आ जाएगा ओर वह फिर महाविद्यालय की ओर प्रवेश के लिए रुख करेंगे। इस बार हम कही भी भीड़ नहीं कर सकते है जिसे की ये बीमारी फैलने का खतरा होता है इस लिए प्रवेश फार्म ऑनलाइन होने चाहिए जिससे कि छात्र छात्राएं अपने घर में बैठ कर अपने फॉर्म भर सके और जब उनका नाम मैरिट लिस्ट में आ जाए तो वो अपने एडमिशन के लिए महाविद्यालय में आकर अपने ओरिजिनल फॉर्म दिखा कर प्रवेश पा सके।